## खबर संक्षेप

### बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय पर 20 हजार का अर्थदंड

**कटनी।** बिना लाइसेंस खाद्य व्यवसाय संचालित करने के मामले में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम बंजारी स्थित सलमान किराना के प्रतिष्ठान संचालक पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा ने 23 जुलाई 2025 को उक्त दुकान का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान संचालक से खाद्य व्यवसाय संचालन हेतु लाइसेंस या पंजीयन प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। जांच में यह पाया गया कि बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1), 31(2) सहपठित धारा 50 का उल्लंघन है। इस आधार पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान संचालक सलमान खान ने कहा कि उन्हें लाइसेंस की आवश्यकता की जानकारी नहीं थी। हालांकि न्यायालय ने इसे स्वीकार नहीं किया और निरीक्षण के समय लाइसेंस उपलब्ध न होने को गंभीर मानते हुए अधिनियम की धारा 58 के तहत 20 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया।

### आदतन अपराधी को विरूद्ध जिला बदर की हुई कार्यवाही

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने ग्राम देवरीसानी, थाना माधवनगर निवासी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन पिता स्व. जगदीश प्रसाद बर्मन 40 वर्ष के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही करते हुए आगामी 5 महीनों के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेन के आधार पर की है। रामसुजान एक आदतन अपराधी है, जो लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में लिप्त रहा है। वह समाज के कमजोर वर्ग जैसे मजदूर, रिक्शा चालक, हाथ ठेला चालक और पल्लेदारों को अवैध रूप से शराब बेचकर उन्हें नशे की ओर धकेल रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, वर्ष 2020 से 2025 के बीच उसे 12 बार अवैध शराब विक्रय करते हुए पकड़ा गया, जिनमें सभी मामलों में चालानी कार्रवाई कर न्यायालय द्वारा अर्थदंड भी लगाया गया। इसके बावजूद उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। इतना ही नहीं, वर्ष 2025 में उसके खिलाफ 3 चोरी के मामले भी दर्ज किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी रामसुजान उर्फ लल्लू बर्मन को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 5 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### राज्यमंत्री, कलेक्टर व एसपी सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया उत्साह पूर्वक योगाभ्यास

# स्वस्थ जीवन का संदेश: प्रसन्न मन, निरोगी काया के लिये योगा को अपनी दिनचर्या में करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" को बढ़ावा देते हुए रविवार को प्रातः 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न संस्थानों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधवनगर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की उपस्थिति में विशेष योग सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम शप्रमोद चतुर्वेदी, जिला भाजपा अध्यक्ष शदीपक टंडन सोनी, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, डीईओ राजेश अग्रहरी , जिला आयुष अधिकारी आशीष रेजा, जिला श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, जिला संयोजक आदिम जति विमल चौरसिया, जिला पंजीयक पंकज कोरी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों, शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों और छात्र- छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

#### योग को बनाये जीवन का हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग परंपरा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। योग हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और यह हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की वैश्विक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे शरीर निरोगी एवं मन शांत रहता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने ध्यानपूर्वक देखा और सुना। योगाभ्यास के पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिथियों को गुलमोहर के पौधे भेंट किए गए।

#### योगाभ्यास की विस्तृत प्रक्रिया

सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से की गई। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा चालन क्रियाएं, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन एवं शवासन शामिल रहे। इसके पश्चात कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम कराए गए और अंत में ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ किया गया।

#### एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

जिला स्तरीय योग कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री, कलेक्टर और एस पी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिले भर में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता बढ़ी और लोगों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### जिला जेल में अधिकारी, कर्मचारियों एवं बंदियों ने किया योगाभ्यास

## योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल कटनी में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आनंद विभाग, कटनी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक विवेक परोहा ने योग क्रियाओं का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश भी दिया गया।

आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से ही जेल में एक सप्ताह का योगाभ्यास कार्यक्रम चलाया जा रहा था, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी एवं चयनित बंदियों को नियमित रूप से योग सिखाया गया। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विधिवत मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डी.एल.ओ. हर्षित बिसेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान आनंद विभाग द्वारा हर्षित बिसेन को अल्पविराम पुस्तिका एवं आनंदम कैलेंडर भेंट किया गया, वहीं योग शिक्षक विवेक परोहा को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अंत में जेल शिक्षिका दीप्ति श्रीवास्तव ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बंदियों के साथ अरविंद कुमार, इनाम सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

## आबकारी विभाग ने 78 पाव देशी मदिरा की जब्त



**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, निर्माण एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके के नेतृत्व में आबकारी वृत विजयराघवगढ़ अंतर्गत कन्हवारा, पंडखुरी, रजरवारा क्रमांक-01, खरखरी, अमुआरी, झिरिया, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर क्षेत्रों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 78 पाव देशी मदिरा जब्त की गई। इस संबंध में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। साथ ही मौके पर मौजूद लोगों को अवैध रूप से शराब विक्रय न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। इस कार्रवाई में वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक केशव उइके एवं आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### गेहूं उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

## कृषि साख सहकारी समिति हीरापुर कौंडिया दो वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ उपार्जन के दौरान गंभीर अनियमितताओं के चलते प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हीरापुर कौंडिया को आगामी दो उपार्जन वर्षों के लिए कालीसूचीबद्ध (ब्लैकलिस्ट) कर दिया है।

यह कार्रवाई कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हीरापुर कौंडिया उपार्जन केन्द्र (कोड 56442144) की जांच 30 अप्रैल 2026 को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, कटनी द्वारा की गई थी। जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर समिति प्रबंधक एवं खरीदी प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। हालांकि प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद 10 जून को एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर खामियाँ उजागर हुईं।

निरीक्षण में पाया गया कि पोर्टल पर दर्ज खरीदी की मात्रा की तुलना में केन्द्र पर अधिक गेहूँ मौजूद था। साथ ही उपार्जन एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए बारदानों (बोरों) में भी अंतर पाया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि खरीदी प्रभारी द्वारा हैंडलिंग चालान जारी करने के एक सप्ताह बाद तक ही शत-प्रतिशत भंडारण किया गया, जो नियमों के विपरीत है। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर गेहूँ खरीदी हेतु निर्धारित शासन की नीति के प्रावधानों का उल्लंघन भी पाया गया। समिति के कर्मचारियों के बीच समन्वय की कमी भी उजागर हुई, जिससे उपार्जन कार्य प्रभावित हुआ। लगातार सामने आ रही अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए समिति को आगामी दो वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया।

### पक्का घर की सौगात पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिले

## 56 हितग्राहियों के आवास निर्माण का भूमिपूजन, 31 ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन एवं पूर्ण निर्मित आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम शनिवार 20 जून को नगर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा विभिन्न वार्डों में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम के अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

निगम प्रशासन द्वारा बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में स्वीकृत आवासों के भूमिपूजन एवं गृह प्रवेश के इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नवीन स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य के लिए 56 हितग्राहियों द्वारा भूमिपूजन संपन्न कराया गया। वहीं पूर्ण निर्मित आवासों के 31 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया गया तथा उनके नए जीवन की शुरुआत पर शुभकामनाएं दीं गईं।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने शासन एवं नगर निगम कटनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से उन्हें अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सुविधायुक्त आवास प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर हितग्राहियों से शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा नगर के अधिक से अधिक पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने का भी आह्वान किया गया।



## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, चले लाठी डंडे

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब दुकान के पास दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की ओर से मोनू मिश्रा 25 वर्ष निवासी ग्राम बड़ागांव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बेन एवं शनि बेन के खिलाफ गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने पर अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ओम प्रकाश बेन 36 वर्ष निवासी ग्राम गनियारी की शिकायत पर आरोपी मोनू मिश्रा एवं आशीष दुबे के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। ओम प्रकाश का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें घेरकर मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने इस मामले में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी हैं। इसी तरह उमरियापान थाना अतर्गत धौरेसर में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पहले पक्ष की ओर से कमलेश कुशवाहा 40 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुनील पटेल, विनय पटेल और श्रीमती उषा पटेल के खिलाफ एक राय होकर धारदार हथियार से हमला करने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। वहीं जवाबी कार्रवाई में सुनील पटेल 45 वर्ष की शिकायत पर कमलेश कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा और सुमत्तो बाई कुशवाहा के खिलाफ भी एक राय होकर मारपीट करने का क्रॉस केस दर्ज किया गया है।

### रेलवे स्टेशन के सामने गोलियां चलने से दहशत

**कटनी।** शहर के सबसे संवेदनशील और व्यस्त इलाकों में शामिल कटनी रेलवे स्टेशन के सामने गत रात करीब 11:35 बजे फायरिंग की घटना से दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार स्टेशन से लगभग 100 मीटर दूर स्थित शराब दुकान के बाहर एक युवक ने पिस्तौल से चार फायर किए। घटना के समय क्षेत्र में यात्रियों, दुकानदारों और आम लोगों की आवाजाही बनी हुई थी। राहत की बात रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा और गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और हथियार की जांच की मांग भी उठ रही है।

### बावड़ी की साफ-सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम चरण के तहत विकासखंड बहोरीबंद में बावड़ी उत्सव के अंतर्गत ग्राम रामपाटन स्थित आम वाली बावड़ी में साफ-सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर बावड़ी की साफ-सफाई कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह एवं परामर्शदाता रामसिंह पटेल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं वर्षाजल संचयन की शपथ दिलाई तथा जल स्त्रोतों को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

---

व्यस्ततम क्षेत्र में सुरा प्रेमियों का रहता है जमावड़ा, अराजक हो रहा माहौल

# नशे के सौदागरों को सरपरस्तीः हाईवे किनारे नियमों को ताक पर रख बेची जा रही है शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसाड़ी में नियमों को ताक पर रखकर हाइवे किनारे संचालित की जा रही है। हाईवे के किनारे दुकान, आए दिन हो रहे विवाद ग्रामीणों ने बताया कि बसाड़ी ग्राम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शराब दुकान पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। यह दुकान नेशनल हाईवे के ठीक किनारे स्थित है। मुख्य मार्ग और बेहद व्यस्ततम इलाका होने के कारण यहाँ रात भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के जान-माल पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस दुकान की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसे तत्काल बन्द करवाई जाए।

### गली कूचो में बिक रही शराब

गांव गांव बिक रही अवैध शराब, युवा हो रहे बर्बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं के कारनामों पर अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग डेढ़ दर्जन गांवों की गली-गली में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

### खानापूर्ति के लिये छुटभैयों पर कार्रवाई, माफिया को अभयदान

शराब का अवैध कार्य करने वाले माफियाओं के ऊपर कार्रवाई नही किये जाने से इनके हौसले बुलंद है। कागजी खानापूर्ति के लिये शराब का छुटपुट कार्य करने वालों के ऊपर कार्रवाई की जाती है जबकि शराब माफिया के द्वारा गांव गांव शराब सप्लाई की जाती है इसके बावजूद उनके ऊपर कार्रवाई नही की जाती है जिससे वे खुलेआम शराब सप्लाई कर रहे हैं। रोहनियां में बस स्टैंड के पास शराब मैनेजर के द्वारा अपने लोगों के माध्यम से अवैध शराब सप्लाई करवाई जाती है जिससे स्कूल अध्ययन करने आने वाले छात्र छात्राओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ग्राम का माहौल भी खराब हो रहा है।

मझगवां में शराब दुकान के बगल से बने गुमटी में शराब प्रेमी खुलेआम शराब पीते हैं जबकि शासन के निर्देश हैं कि किसी भी शराब दुकान के बगल या शराब दुकान के अहाते में बैठकर शराब पीना सख्त मना है शराब पीते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

### इन ग्रामों में बिकती है अवैध शराब

रोहनियां,बसाड़ी,गणेशपुर, सांधि, परसवाड़ा, बन्दरी, भदौरा, संकरीगढ़, सुड्डी,अमाड़ी,भजिया, भुड़सा, परसेल, बिजौरी, कोड़ो सलैया, गुड़ा, बड़ा गुड़ा, देवरी, खरहटा, विलायत खुर्द, लोहरवारा, पथवारी और झरेला आदि है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इन गांवों में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण स्कूल जाने वाले नाबालिग बच्चे और युवा गंभीर नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते शांत ग्रामीण इलाकों में आपराधिक घटनाओं और आपसी विवादों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, जिससे माताओं-बहनों का घर से निकलना दूभर हो गया है।

ग्रामीणों ने आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पूर्व में भी कई बार ज्ञापन के माध्यम से इस गंभीर समस्या से प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस या दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। जिम्मेदारा की इसी निष्क्रियता के कारण शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

---

# शिक्षक ही सशक्त राष्ट्र होते है नींव, 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



महर्षि विद्या मंदिर स्लीमनाबाद में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा, स्मार्ट कक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ), करियर मार्गदर्शन तथा नवीन शिक्षण पद्धतियों पर गहन अध्ययन एवं अभ्यास किया।

प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सरिता पांडे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्लीमनाबाद महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि शिक्षक होना हमारे लिए गौरव की बात है और हम बच्चो को संस्कार युक्त शिक्षा दे यही हमारा लक्ष्य होना चाहिये। गुरुदेव महर्षि महेश योगी का यही संदेश भी है। हम प्राणायाम भावातीत ध्यान एवं योग के माध्यम से शरीर के विचारो को नष्ट करे और सनातन शिक्षा प्रणाली के अनुसार बच्चो को वेद पुराण गीता रामायण उपनिषद स्मृतियां वेदांग श्रुति के बारे मे जानकारी दें एवं स्वयं भी अध्ययन करे तभी राष्ट्र हित एवं संस्कृति की सुरक्षा हो सकेगी।

द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण डॉ. दिलीप त्रिपाठी द्वारा प्रभावी एवं प्रेरणादायक ढंग से संचालित किया गया। तृतीय दिवस का समापन प्राचार्या प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन तथा राहुल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने शिक्षकों में नवाचार, तकनीकी दक्षता तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

### युवक के साथ दो लागों ने की मारपीट

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत सांडा गांव में में चौराहे पर जुगलकिशोर उर्फ मुट्टू चौहान 32 वर्ष को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही अनिल नुनिया और भगवत नुनिया ने रोक लिया। आरोपियों ने एक राय होकर जुगलकिशोर को गालियां दीं और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

---

# आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित ग्राम स्तर पर योगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर बहोरीबंद विकासखंड के सभी आँगनबाडी केंद्रों मै योगा कार्यक्रम आयोजित हुए। स्लीमनाबाद आँगनबाड़ी केंद्र मै पर्यवेक्षक पुष्पा आरख के मौजूदगी में योगा कार्यक्रम हुआ।

पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने की विधा में योग सबसे उत्तम है। योग का सीधा संबंध जोडऩे से है। जब शरीर का वजन बढऩे लगे तो व्यायाम आवश्यक है। ऐसे ही मन पर भार बढ़े तो योग और धन का वजन बढ जाए तो दान करना चाहिए।योग की शुरुआत ऊं कार शब्द की ध्वनि के साथ हुई। इसके बाद देश के सांस्कृतिक संबोधन स्वरूप दोनों हाथों को जोडकऱ अभिवादन करते हुए यूट्यूब से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार सभी ने योग से पूर्व ग्रीवा व स्कंध चालन को गति प्रदान की। इसमें गर्दन व कंधे से जुड़े व्यायाम किए गए। स्कंध चक्र में दोनों हाथों की कोहनी मोडकऱ कंधों पर रखते हुए वृत्ताकार घुमाते हुए चेहरे के सामने लाकर धीरे-धीरे घुमाया गया। फिर कटीचालन के अभ्यास में हाथ सामने रखकर कमर को दाएं बाएं घुमाया गया। इसी तरह अन्य आसन भी करवाए गए। लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।योग के अंतिम चरण में प्राणायाम की क्रियाएं की गई। इसमें कपाल भाती के साथ श्वास के लिए भस्त्रिका आदि प्राणायाम के योग किए गए।इसके साथ ही ग्राम पंचायतों,विद्यालयों, आंगनवाड़ी, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणजनों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाई।

### जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने की सहभागिता

योग दिवस के अवसर पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के वीएलई विजय हल्दकार द्वारा ग्राम स्तर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक सुखईराम हल्दकार मेरु आदिवासी की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर सीएससी वीएलई विजय हल्दकार द्वारा ग्रामीणों को सीएससी के माध्यम से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की।

---

## जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया योग दिवस



जन शिक्षण संस्थान कट की में आज 12 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस दिन मॉडल जन शिक्षण संस्थान के समस्त लाभार्थियों के द्वारा योग किया गया जन शिक्षण संस्थान की निदेशक ने बताया कि जीवन में योग बहुत जरूरी है योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है और उसका स्वास्थ्य अच्छा रहता है क्योंकि अच्छा जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है एवं लाभार्थियों ने भी बड़े हर्ष और लाश के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न प्रकार के योग योग टीचर के द्वारा कराए गए योगा करने से व्यक्ति विभिन्न प्रकार की बीमारियों से दूर रहता है और शरीर स्वस्थ रहता है क्योंकि ऐसा कहा गया है कि स्वस्थ मस्तिष्क मैं स्वस्थ जीवन निवास करता है अर्थात योग जीवन में बहुत जरूरी है इस कार्यक्रम में संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी बबीता सिंह फील्ड कोऑर्डिनेटर अजय एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हेमंत अहिरवार अनुदेशक में शकुंतला केसरवानी एवं विशेष सहयोग अर्चना सिंह का रहा

---

बहोरीबंद, उमरियापान एवं रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में हुये सड़क हादसे

# अलग अलग सड़क हादसों में किशोर की मौत दो अन्य व्यक्ति हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया गांव के पहले सुहार नदी पुलिया के पास एक मोटरसाइकिल क्रमांक MP 20 ZP 4833 के चालक ने तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे किशोर को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में इमलीगढ़ निवासी 16 वर्षीय प्रिंस राजपूत पिता प्रकाश राजपूत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

इसी तरह उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पकरिया में मेन रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक MP 20 ZF 6203 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सामने से आ रहे लोगों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में नरेश धानक और हल्के वीर धानक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। फरियादी बबलू यादव 30 वर्ष निवासी नागौद, जिला सतना की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### कार चालक ने मारी टक्कर

वहीं रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित कटाए घाट मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में अहमदनगर निवासी 18 वर्षीय मोहम्मद फैज पिता मो. रफीक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

---

## बहोरीबंद विकासखंड में जगह जगह योगा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे जगह -जगह योगा कार्यक्रम आयोजित हुए। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम महावीर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद मे योगा कार्यक्रम आयोजित हुआ!जहाँ विभिन्न प्रकार के योगासन कराकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।

इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक कुमार,तहसीलदार आशीष अग्रवाल,नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, बीईओ मनोज गर्ग,बीआरसी प्रशांत मिश्रा, प्राचार्य महेंद्र राय सहित जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों की उपस्थिति रही!वही स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मै भी योगा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# योग से सीखा निरोगी रहने का मंत्र जीवन मे अपनाने का लिया संकल्प



प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है!यह 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है!योग केवल शारीरिक ही नही, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफ़ी फायदेमंद है। योग का प्राचीन ज्ञान हमको शारीरिक स्वच्छता मानसिक स्पष्टता ओर आध्यात्मिक विकास की ओर ले जाता है।योग के माध्यम से दोनों को स्वस्थ्य रखा जा सकता है!इसलिए सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए।प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वास्थ्य रहता है।

इस दौरान डॉ किरण खरादी,डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव,डॉ सपना द्विवेदी, अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

### कूड़ा मर्दानगढ़ स्कूल में योगाभ्यस कार्यक्रम

बहोरीबंद विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कूड़ा मर्दानगढ़ मे योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर ओर माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया!प्राचार्या इंदु पांडेय ने कहा कि योग केवल एक विद्या नहीं अपितु विज्ञान भी है, जिसमें तन और मन को आत्मा से जोड़ने का विधान भी है।योग करने से बीमारियां दूर रहती है ओर शरीर स्वास्थ्य रहता है!इस दौरान प्राचार्या इंदु पांडेय सहित स्कूल स्टॉफ की उपस्थिति रही।

---

योग एवं प्राणायाम की बारीकियों से कराया अवगत, विभिन्न योगासन कराये

# स्कूल, कॉलेजों में कराया गया योगाभ्यास, नशा नहीं करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजकुमार के नेतृत्व में "योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अंजना सिंह गोड़ द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को योग एवं प्राणायाम की बारीकियों से अवगत कराया गया तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन कराए गए।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि योग एक प्राचीन जीवन शैली है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। यह न केवल हमें बीमारियों से दूर रखता है, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाकर जीवन को शांत और ऊर्जावान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से हम व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ वातावरण का निर्माण कर सकते हैं।

### नशा नहीं करने के लिये किया गया प्रेरित



शासकीय महाविद्यालय बरही में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में योग प्रशिक्षक दीपक मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों और स्टाफ के सदस्यों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को सूर्य नमस्कार के साथ योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराकर योग के महत्व को बताते हुए योग की विभिन्न क्रियायो से होने वाले लाभों से अवगत कराया।

अगले चरण में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने कहां कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा ₹एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग₹ की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। पार्षद संतोष द्विवेदी ने योग को भारत की प्राचीन परंपरा का अनुपम उपहार बताया एवं नगर परिषद के सी. एम. ओ. ने कहां कि योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा का संतुलन स्थापित करने का मार्ग है।

डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि नियमित योग करने से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है साथ ही मानसिक तनाव भी कम होता है एवं हम जीवन मे सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव करते हैं। जिस कारण दुनियाभर में योग को बढ़ावा देने के लिए योग दिवस मनाया जाता है। वहीं प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि योग शरीर को स्वस्थ्य रखने, मन को प्रसन्न रखने एवं आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का साधन भी है। योग भारत की अभूतपूर्व देन है।

अंत में प्राचार्य ने सभी को नियमित रूप से योग करने और अन्य लोगों को भी योग से होने वाले लाभ बताकर उन्हे भी नियमित रूप से योग करने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही विभिन्न प्रकार के नशा के दुष्परिणाम बताते हुए किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिये भी सभी को प्रेरित करते हुये अधिक से अधिक लोगों नशे के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर कार्यक्रम में सहभागिता का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

---

# बेहतर स्वास्थ्य के लिये योगाभ्यास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिलौंडी कन्या हाई स्कूल,बालक हायर सेकंडरी स्कूल सहित सभी शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्य कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष अमित राय ,पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय ,पहलाद राय, शिक्षक संतोष बर्मन, शिक्षक तुलसी नामदेव, शिक्षक , अशोक कुमार हल्दकार, प्राचार्य विशाल सिंह,संकुल प्राचार्य चंद्र कुमार परसवार, बैजनाथ दहिया, कमलेश सेन, मिथिला सेन एवं स्कूल के छात्र छात्रा की विशेष उपस्थिति रही।

मंडल उपाध्यक्ष अमित राय योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है। पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सीएससी वीएलई अक्षय कुमार राय द्वारा ग्रामीणों ओर छात्र एवं छात्राओं को सीएससी के माध्यम से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। आयुष्मान भारत योजना, बीमा सेवाएं, बैंकिंग सेवाएं, पेंशन योजनाएं, टेली-लॉ, ऑनलाइन शिक्षा, कौशल विकास, पैन कार्ड, आधार सेवाएं, डिजी पे, एजुकेशन प्रोजेक्ट एवं अन्य शासकीय सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने, स्वस्थ रहने तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह आयोजन ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## खास बातें

### देवेंद्रनगर की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

**देवेंद्रनगर।** नगर परिषद देवेंद्रनगर में यातायात व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। बमुरी रोड से लेकर सलेहा रोड, सब्जी मंडी, सतना रोड, बस स्टैंड और पन्ना रोड तक जाम की समस्या आम हो गई है। सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। कई स्थानों पर सड़क का बड़ा हिस्सा वाहनों और अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। इसके बावजूद न तो वाहन मालिक नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही संबंधित विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सब्जी मंडी, बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। यहां जाम लगने से राहगीरों, व्यापारियों, स्कूली छात्रों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। नगरवासियों का आरोप है कि पुलिस और नगर परिषद दोनों ही इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई हो और अतिक्रमण हटाया जाए तो लोगों को राहत मिल सकती है। नगर के नागरिकों ने प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर परिषद से मांग की है कि बढ़ती जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि देवेंद्रनगर की यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और आमजन को राहत मिल सके।

### डिघौरा में चोरी, खेर माता प्रांगण से घंटियां (घण्टे) गायब

**गुनौर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डिघौरा से एक बेहद संदेहास्पद और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम डिघौरा में लोगों की गहरी आस्था का केंद्र माने जाने वाले श्री चण्डी देव खेर माता प्रांगण को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीती 18 तारीख की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर परिसर से लगभग 12 से 15 घंटे (घंटियां) चोरी कर लिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि श्री चण्डी देव खेर माता का स्थान पूरे क्षेत्र में अत्यंत पूजनीय है और रोज़ की तरह जब लोग सुबह मंदिर पहुंचे, तब उन्हें इस चोरी की घटना का पता चला। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में घंटियों के गायब होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश और निराशा का माहौल है।

**पुलिस जांच में जुटी, फिलहाल सुराग नहीं-** घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

### गुनौर से मढ़ी मोड़ चौड़ीकरण की मांग

**पन्ना।** जिले के गुनौर से निकलकर लुहरगांव,कटन ,गिरवारा,सेमरी से मढ़ी मोड़ तक की सड़क अत्यंत संकीर्ण है ,इसके चौड़ीकरण की मांग काफी दिनों से उठती आई है लेकिन जनहित के मुद्दे पर जिम्मेदारों नजरअंदाजी समझ से परे है,समय समय पर सांसद ,क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने5 बहुप्रतीक्षित सड़क के चौड़ीकरण के लिए पत्राचार भी किया लेकिन कुम्भकर्णी निद्रा में सो रहे विभागीय जिम्मेदारों की नींद कब टूटेगी यह तो आगामी समय ही तय करेगा।इस सड़क मार्ग की लंबाई लगभग 32 कि मी है,इस सड़क मार्ग का अधिकांश भू भाग पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा में आता है।

### लोगों की घर और दुकानों में नाली का पानी भरने से हुई परेशानी

# हटा में एक घंटे की झमाझम बारिश से सड़कों पर जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में रविवार की दोपहर मानसून ने अपनी पहली दस्तक दे दी है। हटा में रविवार दोपहर 3 बजे झमाझम बारिश होने से नगर की सड़के जलमग्न हो गई स्थिति यह हो गई की नालियों का पानी ओवरफ्लो हो गया और लोगों के घर और दुकानों में पानी भर गया वहीं झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। रविवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया और आसमान में बदल छाने के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। जिससे सड़के पानी में सराबोर हो गई। हालांकि नगर पालिका के सफाई अभियान की हकीकत भी सामने आ गई। जगह जगह नालियां चोक होने से गंदगी और दुर्गंध भरा पानी सड़कों पर जमा हो गया जिससे जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। दमोह पन्ना स्टेट हाइवे स्थित खचना नाका पर बनी दुकानों में करीब 2 फीट तक पानी भर गया वही खचना नाक से अम्बेडकर भवन जाने बाले मार्ग और मंदिर मस्जिद चौराहा से राय चौराहा जाने बाला मार्ग, रमा कवि वार्ड में एमएलबी स्कूल के समीप,चण्डी जी वार्ड आदि क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगो ने सड़क पर अतिक्रमण कर अपनी घर एवं दुकानों के बाहर पट्टियों का निर्माण कर लिया है। बारिश के समय नालियों में कचरा फसते ही पानी सड़क पर जमा हो जाता हैं। हालांकि नगर पालिका के द्वारा नगर से निकलने बाले बड़े नालों की साफ सफाई भी कराई लेकिन उसका कोई खासा असर दिखाई नही दिया नतीजन पहली ही बारिश में नलियों ओवर फ्लो हो गई जिससे आवागमन भी प्रभावित रहा। करीब एक घंटे तक हटा में झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल गई है। खचना नाका पर सतीश साहू एवं राजेश साहू जो इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते है उन्होंने नाली साफ नही होने से दुकान में पानी भर गया सामग्री पानी में खराब हो गईं जिससे उन्हें नुकसान हुआ है। वही मोबाइल दुकान संचालक अभिषेक यादव ने बताया नगर पालिका में कई बार नाली साफ सफाई की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनने बाला नही है आज पहली बारिश में ही दुकान में जलभराव हो गया जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ है। रविवार को हुई बारिश ने दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी है, पानी निकासी व्यवस्था ठीक न होने से नगर की अधिकांश सड़कों का हाल तालाब जैसा हो गया। लोगो में पानी निकासी व्यवस्था एवं नालियों की साफ सफाई न होने से रोष व्याप्त है।

# नप के मैदानी अमले की मनमानी से बिगड़ी पेयजल व्यवस्था, नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में भीषण गर्मी के बीच पेयजल आपूर्ति व्यवस्था चरमराने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर नगर परिषद एवं प्रशासनिक अधिकारी बैठकों के माध्यम से सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मैदानी स्तर पर कार्यरत कुछ कर्मचारियों की मनमानी एवं अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नगर में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से नर्मदा जल परियोजना के माध्यम से की जाती है, जबकि जिन क्षेत्रों में नर्मदा जल नहीं पहुंच पाता, वहां नगर परिषद के बोरवेलों से जल सप्लाई की जा रही है। वर्तमान में नर्मदा जल आपूर्ति का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होने के कारण दो से तीन दिन के अंतराल में किसी भी समय पानी छोड़ा जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में नागरिक समय पर पानी नहीं भर पा रहे हैं और उन्हें पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से एक दिन छोड़कर नियमित जल आपूर्ति की व्यवस्था रही है, लेकिन इस बार गर्मी के मौसम में जल वितरण का कोई तय समय नहीं होने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। वार्ड क्रमांक 8 के निवासी रमेश, अजय, अनिल, सौरभ सहित अन्य नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कुछ कर्मचारी जल लाइन खोलने या संबंधित जानकारी मांगने पर अभद्र व्यवहार करते हैं तथा लोगों से उचित तरीके से बात नहीं करते। उनका कहना है कि नागरिक नियमित रूप से जलकर का भुगतान करते हैं, लेकिन पानी महीने में केवल 15 दिन ही उपलब्ध हो पाता है, जबकि शुल्क पूरे माह का वसूला जाता है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर परिषद पहले अपने कर्मचारियों को आमजन से शिष्टाचारपूर्वक व्यवहार करना सिखाए तथा जलापूर्ति का एक निश्चित समय निर्धारित करे, जिससे लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए समय पर पानी संग्रह कर सकें। इस संबंध में जल सप्लाई प्रभारी रामकुमार यादव ने बताया कि यदि किसी कर्मचारी द्वारा अनुचित व्यवहार किया जा रहा है तो उसे समझाइश दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नर्मदा जल आपूर्ति कई बार बिजली बाधित होने के कारण प्रभावित होती है। बिजली आने के बाद पुनः जल सप्लाई शुरू की जाती है, जिसके चलते निश्चित समय तय नहीं हो पा रहा है। वहीं एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर परिषद कर्मचारियों की बैठक बुलाकर जलापूर्ति व्यवस्था को सुधारने और नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्यता पूर्वक मनाया

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को दमोह जिले में भव्यता पूर्वक मनाया गया जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा दमोह जिले के मुख्यालय शनि देव मंदिर प्रांगण मैं योग दिवस एक ऋषि के मार्गदर्शन में योग दिवस को भव्यता पूर्वक मनाया। जिसमें सभी मां भक्तों ने योग क्रिया की जिससे शरीर का संचालन व्यवस्थित रूप से हो सके। करो योग रहो निरोग योगासन किए जिससे शरीर में क्षमताएं जागृत हो और शरीर रोग मुक्त रह सके। इसी क्रम में दमोह जिले के पथरिया, हटा, पटेरा, जबेरा, तेंदूखेड़ा सभी ब्लॉकों में भव्यता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हुई विस्तार से चर्चा



**दमोह। संगठन सृजन अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मंडलम अध्यक्ष एवं नगर के पार्षदो कें साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया। दमोह विधानसभा प्रभारी अतुल बाजपेई ने बैठक में कहा कि आज आम जनता महंगाई बेरोजगारी, गैस सिलेंडर भारी भरकम बिजली बिलो को देखकर हैरान परेशान है उनकी मदद के लिये हमे आगे आना होगा।**

पूर्व विधायक अजय टंडन ने कि संभवत नगर पालिका नगर निगम के चुनाव मार्च अप्रैल में होगे जिसके लिये हमें पच्चीस सदस्यी टीम वार्ड स्तर पर पोलिंग पर तैनात करना होगी क्योंकि यह चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए सेमीफाइनल होगे। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, संगठन महासचिव नितिन मिश्रा, अमर सींग, वीरेन्द्र राजपूत ने भी कहा कि भाजपा राज में जिस तरह महत्वपूर्ण परीक्षाओं के ही पेपर लींक हो रहे हे उसके लिये हमारे राहुल गांधी ने कोटा की कोचिंग संस्थाओं में छात्र संवाद कार्यक्रम किया जिससे भाजपा के कथित नेताओं की भृष्ट्राचारो पर अंकुश लगे। पार्षद राशु चौहान, राजा रोतेला, बिक्रम ठाकुर, पप्पू कसोटया, रफीक खान, जीशान पठान, गोपाल मास्टर, कासिम खान, अफजल खान, मंजीत यादव, अजय जाटव वृन्दावन ने भी कहा कि वह सभी अपने वार्ड के साथ पड़ौसी वार्डो में भी आम जन की सदस्यता ग्रहण करवा रहे है जिससे हमारा संगठन मजबूत हो। विजय बहादुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, मुकेश रोहिताश, के.के. अग्रवाल, रियाज खान, अशोक ठाकुर, वकील कुरैशी, खिल्लु ठाकुर, शेरू कछवाहा ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझावो से प्रभारी को अवगत कराते हुए कहा कि दमोह जिले में आए दिन अपराधो का ग्राफ बढ रहा है जिस पर किसी भी प्रकार का अंकुश नही है। इस अवसर पर ए.के. चिश्ती, रवि अहिरवार, राजा अहिरवार, जावेद खान, श्रीकात पटेल, सहित अनेको कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# उपजेल में न्यायाधीशों की उपस्थिति में बंदियों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



उपजेल हटा में विश्व योग दिवस का कार्यक्रम जिला न्यायधीश सिराज अली, जिला न्यायधीश रामसिंह बघेल, प्रथम श्रेणी न्यायाधीश साजिद मोहब्बत की उपस्थिति में जेल निरुद्ध बंदियों एवं स्टाफ को योग कराया गया एवं उनके लाभ बताए गए। इस दौरान माननीय न्यायाधीश ने बताया कि व्यक्ति के खालीपन के कारण कई बुजुर्ग एकाकीपन या डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। योग व्यक्ति को अंतर्मुखी होकर स्वयं से दोस्ती करना सिखाता है। जब एक वृद्ध व्यक्ति सामूहिक योग कलाओं को जानता है तो उसे एक नया सामाजिक दायरा मिलता है। योग से शरीर में डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज होते हैं जिसे हैप्पी हार्मोन्स कहा जाता है। ये हार्मोन्स निराशा की भावना को उत्साह में बदल देते हैं। स्वस्थ रहने के लिए सभी को रोजाना सुबह शाम योग जरूर करें। योग समापन पर योग सम्मिलित बंदियों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक नागेंद्र चौधरी द्वारा माननीय न्यायाधीशों का आभार व्यक्त किया गया।

## स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय सिंग्रामपुर में ₹स्वस्थ आयु के लिए योग₹ थीम के तहत सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री ,,,नरेंद्र मोदी,,, के संबोधन को सुना तथा उनके मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में योग को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और दीर्घायु का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मूलमचंद जैन, संजय दुबे एवं सेवानिवृत्त शिक्षक बहादुर राय उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पत्रकार साथी सुनील शुक्ला, राघवेन्द्र झारिया, निवेश जैन एवं सतेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने के संकल्प के साथ हुआ।

## उत्कृष्ट विद्यालय हटा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**हटा।** नगर के सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में विधायक उमादेवी खटीक की उपस्थिति में सामूहिक मुख्य योग कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ सीएल नेमा द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुरूप उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों एनसीसी कैडेटों को आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। योग कार्यक्रम के अंत में जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने कहा कि बुर्जुगों का शरीर युवाओं जैसा लचीला नहीं रहता इसलिए योग का स्वरूप सहज धीमा और सुरक्षित होना चाहिए। पटेल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर परिवार एवं समाज के वरिष्ठजनों को योग की अमृत धारा से जोड़ने का संकल्प करने का आव्हान किया है। उन्होंने गौरीशंकर वार्ड में स्थित मौजानंद कुटी में रोजाना प्रातः काल एक घंटा योग अभ्यास कराया जाता है जहां पर इच्छुक लोग योगाभ्यास करने की अपील की है। इस दौरान सौरभ नेमा, जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, बीआरसी एमएल अहिरवार, एनसीसी ऑफिसर सत्येंद्र राजपूत, पीएन खेमरिया सहित नगरपालिका महिला-बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक सारिका अग्रवाल सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों एनसीसी कैडेटों की उपस्थिति रही अंत में विद्यालय के प्रचार्या डॉ अशोक अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



# संदीपनी विद्यालय में मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तेंदूखेड़ा विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय संदीपनी विद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सी.जी. गोस्वामी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। रविवार स्वैच्छिक होने के कारण अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी इस आयोजन में शामिल नहीं हुए। योग दिवस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं सहित सभी उपस्थितजनों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के उपरांत एसडीएम श्री गोस्वामी द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी देते हुए पौधों की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। इसी क्रम में नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित पीएम श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी पाँजी में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। यहां प्रातः 6 बजे से 7:45 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शाला की प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे के नेतृत्व में योग सत्र संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक रवि सिंह लोधी, श्रीमती दुर्गेश दुबे, रितु श्रीवास एवं रजनी लोधी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। योग दिवस के इन आयोजनों ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## असाटी महिला समिति ने किया योग व जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह।** 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्कार भवन में दमोह असाटी महिला समिति द्वारा योग व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इसके बाद महिला समिति की सह सचिव श्रीमती रचना असाटी, मीडिया प्रभारी श्रीमती मधु असाटी व कु. काजल असाटी द्वारा उपस्थित बहनों व बेटियों को योग, प्राणायाम तथा विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक अभ्यास कराए गए.इसके पश्चात योग, स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नोत्तरी और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें सभी बहनों व बेटियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.प्रतियोगिता के विजेता में प्रथम सोनिया/धर्मेन्द्र असाटी, द्वितीय आरती/विवेक असाटी और तृतीय कंचन/सत्यप्रकाश असाटी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में दमोह क्षेत्र से महासभा के पदाधिकारी, संरक्षक मंडल व मार्गदर्शक मंडल की बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अंत में सभी बहनों को अल्पाहार करा कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित निरंकारी मिशन का योग दिवस

**दमोह।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय ब्रांच मुखी महात्मा राजकुमार सोनी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा दमोह मे आज संत निरंकारी सत्संग भवन सिंधी कैंप में सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक योग दिवस कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ, इस अवसर योग प्रशिक्षक महात्मा नीरज दुबे जी की उपस्थिति रही,कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। अनुभवी योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित योग सत्र में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। सतगुरु माता जी अक्सर अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन॰ का उल्लेख करते हुए बताते है कि हमारा शरीर निरंकार प्रभु की देन है जिसे स्वस्थ रखना हमारा मूल कर्त्तव्य है इसलिए दीर्घआयु और सक्रिय सफल जीवन के लिए योग नितांत आवश्यक है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थी, जिसने यह संदेश दिया कि वास्तविक स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन का समन्वित स्वरूप है। इसी भावना के अनुरूप संत निरंकारी मिशन ने योग को आत्मजागृति, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सशक्त माध्यम बताते हुए जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी के अनुसार, मिशन द्वारा देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था।

## अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया



**दमोह।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में अध्यक्ष कैलाश मित्तल मीना बंसल के निर्देशन में दमोह महिला महासभा के द्वारा योगा दिवस मनाया गया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमाअग्रवाल का कहना है कि योग से ही शरीर मन स्वस्थ रहता है। महिलाएं इस भागदौड़ वाली जिंदगी में अपने लिए 20मिनिट का समय निकालकर योग जरूर करें जिससे महिलाओं की सेहत डायबिटीज बेलप्रशर जैसी बीमारी का सबसे अच्छा उपाय है। आर्ट ऑफ लिविंग की टीचर रीतू अग्रवाल द्वारा योगा सिखाया जाता है जिससे अनेक महिलाओं को फायदा मिला है। 21जून योगादिवस,महासभा सचिव मंजू अग्रवाल के निवास पर सम्पन हुआ। इसमें मुख्य रूप सेप्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमा अग्रवाल, सम्भागीय उपाध्यक्ष रितु (अनुलेखा),नगर अध्यक्ष अंजलि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरण सुरेखा, नगर उपाध्यक्ष अंजलि, सचिव मंजू, सह सचिव वंदना, उपमंत्री गीता और सुषमा अग्रवाल रितु लक्ष्मी, ज्योति, नीलम, शैल, सुमन, रश्मि, अंजना, महिमा, मोनिका, पूजा अग्रवाल आदि शामिल रही।

योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन और समृद्ध राष्ट्र निर्माण में योगदान दें - कलेक्टर

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है- राज्यमंत्री

'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' की थीम पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






योग भारत की प्राचीन ऋषि-मुनियों की परंपरा का अमूल्य उपहार है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है, जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है, वर्ष 2015 में 21 जून को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया गया, जिसमें विश्व के 179 देशों ने सहभागिता की। इस वैश्विक पहल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया, जिसके बाद से योग दिवस निरंतर पूरे विश्व में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हॉकी स्टेडियम में आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने जबलपुर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की, जिससे प्रदेश का सम्मान बढ़ा है, उन्होंने नागरिकों से अपील की गई कि वे योग और प्रातः भ्रमण को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मानसिक तनाव भी कम होता है।

विधायक जयंत मलैया ने कहा भारत में अनादि काल से योग की परंपरा रही है। अलग-अलग समय और परिस्थितियों में योग का अभ्यास मानव जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाने का माध्यम रहा है। उन्होंने कहा वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को वैश्विक पहचान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 69वें सत्र को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव को रिकॉर्ड 177 सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त हुआ, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति विश्व की आस्था को दर्शाता है, उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को आधिकारिक रूप से प्रत्येक वर्ष 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की। इसके बाद 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साह और सहभागिता के साथ मनाया गया।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा आज के समय में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावशाली जीवनशैली बन चुका है। भारत ने सदियों पहले योग के माध्यम से पूरे विश्व को स्वस्थ रहने की दिशा दिखाई और इसी कारण भारत को विश्व का "योग गुरु" कहा जाता है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने का सबसे सरल, प्रभावी और प्राकृतिक माध्यम है। नियमित योग अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त होती है, उन्होने कहा स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र की नींव होते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग करने की आदत विकसित करनी चाहिए, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और आने वाली पीढ़ियां भी स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक किशनलाल हुरा ने राज्यमंत्री श्री पटेल, विधायक श्री मलैया, कलेक्टर श्री यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी सहित अन्य उपस्थित जनों को नारियल पानी पिलाया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग गुरु प्रशांत असाटी के मार्गदर्शन में सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों- कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित विपिन चौबे और आभार प्रदर्शन सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने, कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानो के योग प्रतिनिधियो ने भी सहभागिता की।

स्टेशन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

## निगरानी बदमाश चाकू सहित गिरफ्तार, मोबाइल चोर भी दबोचा

**बनवार**। रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए जीआरपी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बांदकपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से चाकू लेकर यात्रियों को धमकाने वाले एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है, वहीं अलग कार्रवाई में मोबाइल चोरी के आरोपी को भी दबोच लिया गया है। रेलवे पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी तथा पुलिस अधीक्षक रेल कटनी विजय कुमार गोठरिया के मार्गदर्शन में अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिलने पर जीआरपी टीम बांदकपुर स्टेशन पहुंची, जहां एक व्यक्ति चाकू लेकर यात्रियों को धमका रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविंद उर्फ घपलू उर्फ चड्डी लोधी निवासी ग्राम आमखेड़ी थाना पथरिया जिला दमोह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध चाकू बरामद किया गया, जिसके आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 बी के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने विंध्याचल एक्सप्रेस में चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल बरामद किया, जिसमें 10 हजार रुपए का मोबाइल और 35 हजार रुपए का मंगलसूत्र शामिल है। इस प्रकार कुल 45 हजार रुपए का मशरूका जब्त किया गया है। आरोपी ने सोने की चेन प्रीतम सिंह को बेचने की बात भी कबूल की है, जिसकी बरामदगी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इसी कार्रवाई के तहत 18 जून 2026 को सागर स्टेशन के मुसाफिरखाने से मोबाइल चोरी के मामले में भी पुलिस ने त्वरित सफलता हासिल की। फरियादी विपिन पांडे निवासी कौशांबी उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना के दौरान आरोपी प्रकाश बंसल उर्फ लड्डू वंशकार उम्र 22 वर्ष निवासी भैंस पहाड़ी थाना कैंट जिला सागर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 13 हजार रुपए का वीवो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी ए.एल. चौधरी सहित जीआरपी टीम के अधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रही है। रेलवे पुलिस अधीक्षक जबलपुर द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की गई है। इस कार्रवाई के बाद रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और सख्त होने के संकेत मिले हैं, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ।

## योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : सांसद राहुल सिंह लोधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वीआईपी रोड स्थित सांसद कार्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 25 वर्षों से देश की सेवा कर रहे हैं, जिनमें 13 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री तथा पिछले 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में अनेक जनजागरूकता एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। उपस्थित जनों ने योग के महत्व को समझते हुए नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आशुतोष गुप्ता बने प्रभारी तहसीलदार

**जबेरा**। तहसील जबेरा की तहसीलदार सोनम पांडे का विगत दिनों बहुचर्चित ग्राम के शासकीय तालाब से अवैध रूप से उत्खनन करते हुए दो जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जप्त किए थे जिसके परिणाम स्वरूप तत्काल प्रभाव से ही उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया था ।उनके स्थान पर नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता को जबेरा का प्रभारी तहसीलदार नियुक्त किया गया है।

## 1038 अभ्यर्थी नीट परीक्षा में हुये शामिल

**दमोह**। जिले में 21 जून 2026 को आयोजित NEET (UG) री-एग्जाम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर कुल 1147 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1038 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 109 अनुपस्थित रहे। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह केंद्र पर 480 में से 438, पीएम श्री केवी दमोह केंद्र पर 475 में से 428 तथा पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज दमोह केंद्र पर 192 में से 172 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

## गायत्री परिजनों की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ, टंडन बगीचा दमोह से जुड़े जिले भर के सक्रिय गायत्री परिजनों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विवेकानंद विश्वविद्यालय,सागर के कुलपति डॉ अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा जन्म,शिक्षा दीक्षा दमोह में ही हुई और जन्म से ही गायत्री परिवार से जुड़ा हूँ। उन्होंने दमोह जिले के गायत्री परिजनों की लगन और गुरुदेव के प्रति समर्पण को एक उदाहरण के रूप में रेखांकित किया। गायत्री जयंती के आयोजन के लिए डॉ सी एल नेमा हटा ने विभिन्न दृष्टांत सुनाते हुए सभी से कहा कि गायत्री ही कामधेनु है। इसका जप,तप,अनुष्ठान मनुष्य को मानव से महा मानव और देव मानव बनाता है। प्रत्येक प्रज्ञा संस्थानों में इस दिन गायत्री महामंत्र का सामूहिक अखंड मौन जप 12 अथवा 24 घंटे का किया जाना चाहिये और ज्यादा से ज्यादा लोगों को यज्ञ में भागीदारी कराना चाहिए। पथरिया से आए पंडित राजेंद्र गुरु ने कहा कि हम सब सिर्फ़ गायत्री शक्तिपीठ दमोह से ही शुरू से जुड़े हुए है और यहाँ के परिजनों के साथ मिलकर गायत्री परिवार के कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने में लगे है। भाव सिंह ठाकुर नोहटा ने आव्हान किया कि दमोह जिले भर में सभी ग्राम पंचायतों, स्कूलों, पुस्तकालयों में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित युग साहित्य पहुंचाया जाना चाहिए। वरिष्ठ परिजन पंडित बी पी गर्ग ने आगामी 2030 तक दमोह जिले में किए जाने वाले आयोजनों की जानकारी देते हुए आभार प्रदर्शन किया। इस कार्यकर्ता गोष्ठी में जिले भर की सभी तहसीलों से सैकड़ों की संख्या में परिजन,भाई बहिन,युवा उपस्थित रहे। मडियादो से रामकिशुन मिश्रा की संगीत टोली ने भाव विभोर का देने वाले प्रज्ञा गीतों से सभी उपस्थित परिजनों को झकझोर दिया। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने किया।

## योग से रहें निरोग : न्यायाधीश स्मृति सोनी



**तेंदूखेड़ा**। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड तेंदूखेड़ा परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में नगर के प्रशिक्षित योग शिक्षक द्वारा उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं व्यायामों का अभ्यास कराया गया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने लगभग 45 मिनट तक विभिन्न आसनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु न्यायालय के नायब नाजिर विक्रम सिंह द्वारा न्यायालयीन स्टॉफ एवं अधिवक्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कार्यक्रम में न्यायालयीन स्टॉफ, अधिवक्तागण तथा नगर के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती स्मृति सोनी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग को अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का भी सर्वोत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने 24 घंटे के दैनिक जीवन में से कुछ समय नियमित रूप से योग के लिए निर्धारित करे, तो अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से नियमित योग करने का आह्वान करते हुए कहा कि "करें योग, रहें निरोग" केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं सुखी जीवन का मूल मंत्र है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## न्यायालय परिसर में कराया योग




**दमोह**। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान के संयुक्त तत्वाधान में जिला न्यायालय के नवीन परिसर गायत्री गेट के सामने माननीय न्यायाधीश महोदय एवं कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर माननीय जज संतोष गुप्ता, अमर गोयल, पंकज शर्मा, पंकज वर्मा एवं उत्कर्ष दिवाकर की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं कर्मचारियों में सर्वश्री ओझा जी,रामकुमार जी, कुलदीप जी, सेलट जी, दीपक जी मनोज पटेल, गणेश, अरुण जैन, गिरीश असाटी, बर्दिया जी एवं मुन्नालाल तिवारी की उपस्थिति रही। इसका इसके पश्चात स्थानीय पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन में योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें कॉलोनी में निवास रत कर्मचारी एवं अधिकारियों के परिवार बच्चे एवं बच्चियों सानवी राज,हिमांशी, सृष्टि, दिशा,दर्शित, ईशान अच्छा योगाभ्यास किया। श्रीमती नंदनी कुमारी, श्रीमती माधुरी नागर, रेखा पाल, दया दुबे, रानी कुमारी जी, प्रेम प्रकाश ठाकुर, अनूप चतुर्वेदी, युवराज, नर्वदा पाल,रूपेश पांडे, राजीव कुमार जी की विशेष उपस्थिति में आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति से योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परौहा, महिला पतंजलि से श्रीमती सरस्वती धुर्वे, श्रीमती रुक्मणी पटेल,पतंजलि योग समिति संगठन मंत्री श्री विश्वनाथ सिंह धुर्वे, नेहरू युवा केंद्र दमोह से जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं नयन खरे की उपस्थिति रही। नेहरू युवा केंद्र एवं पावर ग्रिड कारपोरेशन के द्वारा पंडित कृष्ण कुमार परौहा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी कर्मचारियों अधिकारियों एवं बच्चों को करवाया गया। कर्मचारी एवं अधिकारियों की परिवार की उत्सुकता को देखते हुए मुख्य प्रबंधक प्रेम प्रकाश ठाकुर ने दो दिवसीय योग शिविर सप्ताह में आयोजित करने की स्वीकृत प्रदान की।

## पुलिस लाइन दमोह में हुआ योग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2026 को पुलिस लाइन दमोह में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कलादगि (IPS)के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने में सहायक है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता एवं कार्यक्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, सूबेदार अभिनय साहू,आकांक्षा जोशी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए नियमित योग करने का संकल्प लिया।

## जिला अस्पताल में किया गया सामूहिक योगाभ्यास



**दमोह**। 21 जून अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय नेचुरोपैथी संगठन पतंजलि योग समिति एवं मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला आयोग समिति के योग प्रशिक्षकों के द्वारा कराया गया। सामूहिक योग का अभ्यास, जिसमें अस्पताल प्रशासन अधीक्षक सुरेंद्र विक्रम सिंह, योग प्रशिक्षक नीरज जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत एवं जिला अस्पताल के कर्मचारी और मरीज ने सामूहिक योग अभ्यास किया।

## हाइडलबर्ग सीमेंट स्टाफ क्लब में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज हाइडलबर्ग सीमेंट स्टाफ कॉलोनी के स्टाफ क्लब में एक गरिमामयी योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया और हाइडलबर्ग सीमेंट के टेक्निकल क्लस्टर हेड सुरेश दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष योग सत्र में कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान योग्य प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से प्राणायाम, ध्यान (मेडिटेशन) और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है। आज की व्यस्त जीवनशैली में तनावमुक्त और ऊर्जावान रहने के लिए दैनिक जीवन में योग को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

हाइडलबर्ग सीमेंट प्रबंधन हमेशा से अपने कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में आयोजित इस योग दिवस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रपति से तीन स्वर्ण पदक पाकर रिशिका मिश्रा ने बढ़ाया गौरव

**दमोह**। दमोह की बेटी रिशिका मिश्रा ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में एम.ए. दर्शनशास्त्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हें विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में तीन स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। रिशिका, ग्राम बनवार के श्री भगवत प्रसाद मिश्रा एवं श्रीमति आशा मिश्रा की पुत्रवधू तथा आभाष मिश्रा की धर्मपत्नी हैं। उनकी इस सफलता से परिवार एवं जिले में हर्ष का वातावरण है। परिजनों के अनुसार उन्होंने निरंतर परिश्रम, अनुशासित अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया। क्षेत्रवासियों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रजनी उर्फ अनीता गुप्ता उम्र 44 वर्ष पिता स्व. संतोष गुप्ता पति राजू गुप्ता निवासी 2924, पूर्वी करिया पाथर घमापुर जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र की निवासी हूं। यह कि मेरी माता स्व श्रीमति सुधारानी गुप्ता पति स्व. संतोष गुप्ता निवासी पुराना बाजार नं 02 बड़ा जैन मंदिर के पास दमोह मप्र ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा दमोह में एक एफ डी क्र 946052710000136 दिनांक 12.04.2021 को कराई थी जिसमें श्रीमति सुधारानी गुप्ता द्वारा मुझे नामिनी नियुक्त किया था जो कि 95,000/- रुपए की थी जिसमे मेरा नाम अनीता गुप्ता दर्ज है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रजनी गुप्ता दर्ज है। रजनी गुप्ता और अनीता गुप्ता मेरे दोनो नाम वैध व मान्य है। मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है। अत: इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अंदर यदि उक्त एफ डी की राशि का बैंक द्वारा मुझे भुगतान करने के संबंध में किसी व्यक्ति वारिस या संबंधी को कोई आपत्ति /दावा हो तो वह लिखित आपत्ति प्रमाण/ दस्तावेज सहित मेरे उपरोक्त पते पर या बैंक आफ इंडिया शाखा दमोह में प्रस्तुत कर सकते है।

रजनी उर्फ अनीता गुप्ता पति राजू गुप्ता
निवासी -2924, पूर्वी करिया पाथर
घमापुर जबलपुर जिला जबलपुर